# झारखण्ड सरकार
## उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग
झारखण्ड मंत्रालय, नेपाल हाऊस, डोरण्डा, रांची–834002 (झारखण्ड)

## संकल्प

**विषयः–राज्य में राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, पलामू में संचालित किये जाने वाले अभियंत्रण पाठ्यक्रमों के अनुसार अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE) के मापदंड के आलोक में शिक्षकों एवं आवश्यकतानुसार शिक्षकेत्तर कर्मियों हेतु नये पदों के सृजन की स्वीकृति के संबंध में।**

---

विभागान्तर्गत पूर्व से 01 राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय (बी0आई0टी0 सिंदरी), 01 स्ववित्तपोषित अभियंत्रण महाविद्यालय (University College of Engineering and Technology, Hazaribag) संचालित है। राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में नामांकन के प्रति छात्रों के रुझान का मुख्य कारण संस्थान में पर्याप्त संख्या में योग्य और स्थायी शिक्षकों की उपलब्धता, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और बेहतर कैंपस प्लेसमेंट की सुविधा, आधुनिक कर्मशाला/प्रयोगशालाओं/पुस्तकालय की अच्छी व्यवस्था तथा अन्य संस्थानों की तुलना में शिक्षण और छात्रावास शुल्क का काफी कम होना है। नवनिर्मित अभियंत्रण महाविद्यालय, पलामू के विभाग अंतर्गत राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के रूप में चलाये जाने पर राज्य के छात्र एवं छात्राएं लाभान्वित होंगे।

उक्त हेतु राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, पलामू के संचालन के लिये अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (AICTE) के मापदंड के आलोक में शिक्षकों एवं आवश्यकतानुसार शिक्षकेत्तर कर्मियों हेतु नये पदों के सृजन के प्रस्ताव प्रशासी पदवर्ग समिति को पृष्ठांकित की गयी।

2. प्रशासी पदवर्ग समिति द्वारा वित्त विभागीय ज्ञापांक 2797/वि0, दिनांक 26.09.2023 द्वारा राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, पलामू के संचालन के लिये अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (AICTE) के मापदंड के आलोक में शिक्षकों एवं आवश्यकतानुसार शिक्षकेत्तर कर्मियों हेतु नये पदों के सृजन की अनुशंसा निम्नानुसार की गयीः–

| Sl. No. | Name of Post | No. of Post |
|---|---|---|
| 1. | Principal/Director | 01 |
| 2. | Professor | 06 |
| 3. | Associate Professor | 15 |
| 4. | Assistant Professor | 38 |
| 5. | Workshop Superintendent | 01 |
| 6. | Lower Division Clerk | 08 |
| 7. | Upper Division Clerk | 04 |
| 8. | Head Clerk | 02 |
| 9. | Office Superintendent | 01 |
| 10. | Account Officer | 01 |
| 11. | Building Supervisor (Diploma in Civil Engineering) | 01 |
| 12. | Dresser-cum-Compounder | 01 |
| 13. | Instructor-Junior | 03 |
| 14. | Foreman (Workshop) | 01 |
| 15. | Assistant Workshop Superintendent | 01 |
| 16. | Lab Assistant | 10 |
| 17. | Lab Assistant (01) | 04 |
| 18. | Chief Lab Assistant | 02 |
| 19. | Management Information System (MIS) Officer (On contract) | 02 |
| 20. | Computer Operator (Outsource) | 04 |
| 21. | Attendant, Driver Etc. (Outsource) | 25 |
| | **Total** | **131** |

(i) शिक्षक श्रेणी के सृजित पदों हेतु उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अधिसूचना सं० 2535 दिनांक 16.10.2015 द्वारा स्वीकृत Pay Level अंतिम रूपेण प्रभावी होगा।

(ii) शिक्षकेत्तर श्रेणी के सृजित पदों हेतु उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अधिसूचना सं० 1110 दिनांक 01.06.2016 एवं अधिसूचना सं० 142 दिनांक 21.01.2016 द्वारा स्वीकृत Pay Level /वित्त विभागीय संकल्प संख्या 660 / वि० दिनांक 28.02.2009 द्वारा स्वीकृत वेतनमान एवं ग्रेड पे अंतिम रूपेण प्रभावी होगा।

(iii) संविदा के आधार पर सेवा प्राप्त किए जाने हेतु वित्त विभागीय पत्रांक 4569 / वि० दिनांक 05.07.2002 का अक्षरशः अनुपालन किया जाय।

(iv) Computer Operator, Attendant, Driver, समूह 'घ' इत्यादि के पदों पर सेवा वाह्य स्त्रोत से प्राप्त की जाय तथा न्यूनतम मासिक मानदेय श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा अद्यतन निर्धारित दैनिक पारिश्रमिक के आधार पर गणना की गयी मासिक मानदेय से कम न हो।

(v) बाह्य श्रोत (Outsource) के पद स्वीकृत नहीं समझे जाय, अपितु बाह्य श्रोत से सेवा प्राप्त किये जाने हेतु अधिकतम कर्मी की संख्या समझी जायेंगी।

3. प्रशासी पदवर्ग समिति से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, पलामू के संचालन के लिये अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (AICTE) के मापदण्डानुसार शिक्षकों एवं आवश्यकतानुसार शिक्षकेत्तर कर्मियों हेतु नये पदों का सृजन निम्नानुसार किया जाता है –

3.1. **शिक्षक संवर्ग के पद सृजन के पश्चात् पदों की विवरणी –**

<table>
<tr><th rowspan="2">Sl. No.</th><th rowspan="2">Name of the Branch/Non-Technical Subject</th><th colspan="5">Name of Post</th></tr>
<tr><th>Assistant Professor</th><th>Associate Professor</th><th>Professor</th><th>Director/ Principal</th><th>Workshop Superintendent</th></tr>
<tr><td colspan="2">Pay Scale</td><td>Pay - 57700-182400 Level - 10 AICTE</td><td>Pay- 131400-217100 Level - 13A1 AICTE</td><td>Pay- 144200-218200 Level -14 AICTE</td><td>Pay- 144200-218200 Level-14 (SPL. AL. 6750) AICTE</td><td>Pay- 57700-182400 Level 10 - AICTE</td></tr>
<tr><td>1</td><td>Civil Engineering</td><td>06</td><td>03</td><td>01</td><td rowspan="10">01</td><td rowspan="10">01</td></tr>
<tr><td>2</td><td>Mechanical Engineering</td><td>06</td><td>03</td><td>02</td></tr>
<tr><td>3</td><td>Electrical and Electronics Engineering</td><td>06</td><td>03</td><td>01</td></tr>
<tr><td>4</td><td>Computer Science and Engineering</td><td>09</td><td>05</td><td>02</td></tr>
<tr><td>5</td><td>Geology</td><td>01</td><td>-</td><td>-</td></tr>
<tr><td>6</td><td>Physics</td><td>02</td><td>-</td><td>-</td></tr>
<tr><td>7</td><td>Chemistry</td><td>02</td><td>-</td><td>-</td></tr>
<tr><td>8</td><td>Mathematics</td><td>03</td><td>01</td><td>-</td></tr>
<tr><td>9</td><td>English (Humanities)</td><td>02</td><td>-</td><td>-</td></tr>
<tr><td>10</td><td>Management (MBA)</td><td>01</td><td>-</td><td>-</td></tr>
<tr><td colspan="2">Total</td><td>38</td><td>15</td><td>06</td><td>01</td><td>01</td></tr>
</table>

3.2. शिक्षकेत्तर संवर्ग के पद सृजन के पश्चात् पदों की विवरणी –

<table>
<tr><th>Sl. No.</th><th colspan="2">Name of Post</th><th>Pay Scale</th><th>Sanction Post</th></tr>
<tr><td>1</td><td colspan="2">Lower Division Clerk</td><td>Pay-5200-20200 GP-1900<br>REVISED 7TH PAY- 19900-63200 Level 02</td><td>08</td></tr>
<tr><td>2</td><td colspan="2">Upper Division Clerk</td><td>Pay-5200-20200 GP-2400<br>REVISED 7TH PAY- 25500-81100 Level 04</td><td>04</td></tr>
<tr><td>3</td><td colspan="2">Head Clerk</td><td>Pay-9300-34800 GP-4200<br>REVISED 7TH PAY- 35400-112400 Level 06</td><td>02</td></tr>
<tr><td>4</td><td colspan="2">Office Superintendent</td><td>Pay-9300-34800 GP-4600<br>REVISED 7TH PAY- 44900-142400 Level 07</td><td>01</td></tr>
<tr><td>5</td><td colspan="2">Account Officer</td><td>Pay-9300-34800 GP-4200<br>REVISED 7TH PAY- 35400-112400 Level 06</td><td>01</td></tr>
<tr><td>6</td><td colspan="2">Building Supervisor (Diploma in Civil Engineering)</td><td>Pay-5200-20200 GP-1900<br>REVISED 7TH PAY- 19900-63200 Level 02</td><td>01</td></tr>
<tr><td>7</td><td colspan="2">Dresser-cum-Compounder</td><td>Pay-5200-20200 GP-1900<br>REVISED 7TH PAY- 19900-63200 Level 02</td><td>01</td></tr>
<tr><td rowspan="3">8</td><td rowspan="3">Instructor - Junior</td><td>Electrician cum pump operator</td><td rowspan="3">Pay-5200-20200 GP-2800<br>REVISED 7TH PAY- 29200-92300 Level 05</td><td>01</td></tr>
<tr><td>Machinist</td><td>01</td></tr>
<tr><td>Welder</td><td>01</td></tr>
<tr><td>9</td><td colspan="2">Foreman (Workshop)</td><td>Pay-9300-34800 GP-4200<br>REVISED 7TH PAY- 35400-112400 Level 06</td><td>01</td></tr>
<tr><td>10</td><td colspan="2">Assistant Workshop Superintendent</td><td>Pay-9300-34800 GP-4600<br>REVISED 7TH PAY- 44900-142400 Level 07</td><td>01</td></tr>
<tr><td rowspan="6">11</td><td rowspan="6">Lab Assistant</td><td>Physics</td><td rowspan="6">Pay-5200-20200 GP-2800<br>REVISED 7TH PAY- 29200-92300 Level 05</td><td>01</td></tr>
<tr><td>Chemistry</td><td>01</td></tr>
<tr><td>Civil Engineering</td><td>02</td></tr>
<tr><td>Computer Science & Engineering</td><td>02</td></tr>
<tr><td>Electrical and Electronics Engineering</td><td>02</td></tr>
<tr><td>Mechanical Engineering</td><td>02</td></tr>
<tr><td rowspan="4">12</td><td rowspan="4">Lab Assistant (I)</td><td>Civil Engineering</td><td rowspan="4">Pay-9300-34800 GP-4200<br>REVISED 7TH PAY- 35400-112400 Level 06</td><td>01</td></tr>
<tr><td>Computer Science & Engineering</td><td>01</td></tr>
<tr><td>Electrical and Electronics Engineering</td><td>01</td></tr>
<tr><td>Mechanical Engineering</td><td>01</td></tr>
<tr><td rowspan="2">13</td><td rowspan="2">Chief Lab Assistant</td><td>Civil Engineering</td><td rowspan="2">Pay-9300-34800 GP-4600<br>REVISED 7TH PAY- 44900-142400 Level 07</td><td>01</td></tr>
<tr><td>Mechanical Engineering</td><td>01</td></tr>
<tr><td>14</td><td colspan="2">Management Information system (MIS) (On contractor)</td><td>40,000 - 60,000</td><td>02</td></tr>
<tr><td>15</td><td colspan="2">Computer operator (Out Sourcing)</td><td rowspan="5">न्यूनतम मासिक मानदेय श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा अद्यतन निर्धारित दैनिक पारिश्रमिक के आधार पर</td><td>04</td></tr>
<tr><td rowspan="4">16</td><td rowspan="4">Attendant, Driver Etc. (Outsource)</td><td>Attendant / Peon</td><td>17</td></tr>
<tr><td>Driver</td><td>01</td></tr>
<tr><td>Safai Karmchari</td><td>05</td></tr>
<tr><td>Gardener</td><td>02</td></tr>
<tr><td colspan="3">Total :</td><td></td><td>70</td></tr>
</table>

3.3. **अन्य शर्त–**

(i) शिक्षक श्रेणी के सृजित पदों हेतु उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अधिसूचना सं० 2535 दिनांक 16.10.2015 द्वारा स्वीकृत Pay Level अंतिम रूपेण प्रभावी होगा।

(ii) शिक्षकेत्तर श्रेणी के सृजित पदों हेतु उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अधिसूचना सं० 1110 दिनांक 01.06.2016 एवं अधिसूचना सं० 142 दिनांक 21.01.2016 द्वारा स्वीकृत Pay Level / वित्त विभागीय संकल्प संख्या 660/वि० दिनांक 28.02.2009 द्वारा स्वीकृत वेतनमान एवं ग्रेड पे अंतिम रूपेण प्रभावी होगा।

(iii) संविदा के आधार पर सेवा प्राप्त किए जाने हेतु वित्त विभागीय पत्रांक 4569/वि० दिनांक 05.07.2002 का अक्षरशः अनुपालन किया जायेगा।

(iv) Computer Operator, Attendant, Driver, समूह 'घ' इत्यादि के पदों पर सेवा वाह्य स्त्रोत से प्राप्त की जाय तथा न्यूनतम मासिक मानदेय श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा अद्यतन निर्धारित दैनिक पारिश्रमिक के आधार पर गणना की गयी मासिक मानदेय से कम नहीं होगी।

(v) बाह्य श्रोत (Outsource) के पद स्वीकृत नहीं समझे जायेंगे, अपितु बाह्य श्रोत से सेवा प्राप्त किये जाने हेतु अधिकतम कर्मी की संख्या समझी जायेंगी।

4. राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, पलामू के लिए प्रस्तावित पद सृजन हेतु वार्षिक अनुमानित व्यय रूपये 12,05,75,628/– (बारह करोड़ पॉच लाख पचहत्तर हजार छः सौ अठ्ठाईस रुपये मात्र) होने की संभावना है, जिसका विकलन स्थापना व्यय के मांग संख्या–43, मुख्य शीर्ष–2203–तकनीकी शिक्षा, लघु शीर्ष–112–इंजीनियरी/तकनीकी कॉलेज तथा संस्थान, उप शीर्ष–45–स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम का सुदृढ़ीकरण, विस्तृत शीर्ष–01–वेतन एवं भत्ते–इकाई–01–वेतन (बजट शीर्ष–43–S–2203–00–112–45–00–01–01) मद में उपबंधित राशि से किया जायेगा।

5. पद सृजन के प्रस्ताव पर प्रशासी पदवर्ग समिति द्वारा वित्त विभागीय ज्ञापांक 2797/वि0, दिनांक 26.09.2023 द्वारा अनुशंसा प्रदान की गयी है।

6. प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद की बैठक दिनांक–23.02.2024 में मद संख्या–02 के रूप में स्वीकृति प्रदान की गयी है।

**आदेशः**–आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को झारखण्ड राजपत्र के असाधारण अंक में प्रकाशित किया जाय।

झारखण्ड राज्यपाल के आदेश से

ह0/–
**(राहुल कुमार पुरवार)**
सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञापांकः–02.त0शि0/योजना–05/2022– /राँची, दिनांकः

प्रतिलिपि–अधीक्षक, राजकीय मुद्रणालय, झारखण्ड को राजपत्र के अगले अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

ह0/–
सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञापांकः—02.त0शि0 / योजना—05 / 2022— / राँची, दिनांकः
प्रतिलिपि—महालेखाकार, झारखण्ड, रांची / कोषागार पदाधिकारी, जिला कोषागार / उप कोषागार, पलामू, झारखण्ड को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0 / —
सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञापांकः—02.त0शि0 / योजना—05 / 2022— 200 / राँची, दिनांकः- 27.02.2024
प्रतिलिपि—उप सचिव, मुख्य सचिव, झारखण्ड का कार्यालय / माननीय विभागीय (मुख्य) मंत्री, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, रांची / विभागीय प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव / निदेशक कोषांग, तकनीकी शिक्षा निदेशालय / कुलसचिव, झारखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, राँची / प्राचार्य / निदेशक, सभी राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, झारखण्ड / विभागीय बजट शाखा / अवर सचिव—सह—विभागीय नोडल पदाधिकारी, ई—गजट / श्री कुमार चंदन, MIS Officer को विभागीय पोर्टल पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

27.2.24
सरकार के प्रधान सचिव।